एक नजर में

आचार्य रत्नसूरिश्वर का मंगल प्रवेश जुलूस आज

इन्दौर. द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर जिनालय में आचार्यश्री के सान्निध्य में शीतलनाथ द्वार का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा. भूमिपूजन के पूर्व आचार्यश्री का मंगल प्रवेश जुलूस गाजे-बाजे के साथ पुखराज पैलेस फुटीकोठी चौराहे से निकाला जाएगा. श्री शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीसंघ अध्यक्ष संजय नाहर, नीतिन बावेल एवं समता तर्वेचा ने बताया कि 20 जून को सुबह 7.30 बजे पुखराज पैलेस फूटीकोठी चौराहे से आचार्यश्री का भव्य मंगल प्रवेश जुलूस शीतलनाथ जिनालय तक निकाला जाएगा. आचार्यश्री के मंगल प्रवेश जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के युवाओं के साथ-साथ महिला भी शामिल होंगी. आचार्यश्री पद्मभूषण रत्नसूरिश्वरजी मसा, पन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय अपने साधु-साध्वी संघ के साथ इस मंगल प्रवेश जुलूस में शामिल होंगे. प्रात: 7.30 बजे आचार्यश्री का मंगल प्रवेश जुलूस निकलेगा एवं प्रात: 8 बजे से आचार्यश्री शीतलनाथ जिनालय में प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे. प्रात: 9 बजे आचार्यश्री की निश्रा में शीतलनाथ द्वार का भूमिपूजन अतिथियों द्वारा संपन्न होगा. सुशील कुकड़ा एवं चेतन भंडारी ने बताया कि द्वारकापुरी क्षेत्र में दो दिवसीय आयोजन 20 एवं 21 जून तक आयोजित होगा, जिसमें आचार्यश्री के सान्निध्य में महिलाओं, युवतियों व बच्चों के लिए विशेष शिविर भी लगाया जाएगा.

बाणेश्वरी कावड़ यात्रा को लेकर बैठक कल

इंदौर. मालवांचल की सबसे बड़ी 'बाणेश्वरी कावड़ यात्रा' की तैयारियों हेतु 21 जून को शाम 7 बजे से सांवेर रोड स्थित मौनी बाबा आश्रम पर महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है. यात्रा संयोजक विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि इस बार भी बाणेश्वरी कावड़ यात्रा की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं. श्रावण मास में यह यात्रा मरीमाता चौराहा से बस द्वारा महेश्वर और वहां से कावड़ में पवित्र नर्मदा मैया का जल लेकर महाकालेश्वर मंदिर तक पदयात्रा के रूप में निकाली जाएगी. शनिवार को होने वाली बैठक में शहर के अनेक महामंडलेश्वर, संत एवं जन प्रतिनिधि भी उपस्थित होकर कावड़ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे.

अभय प्रशाल में कल सुबह दिव्य योग शिविर

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को रेसकोर्स रोड स्थित अभय खेल प्रशाल पर सुबह 6 बजे से बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र की मेजबानी में शहर का सबसे बड़ा, दिव्य और व्यवस्थित योग



शिविर आयोजित होगा. सोवियत रूस की दो योग प्रशिक्षक, सुश्री अनास्तासिया एवं गिरफानोवा भी इस शिविर में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आ रही हैं. फाउंडेशन की ट्रस्टी वंशिका तपन अग्रवाल के अनुसार शिविर का शुभारंभ नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आतिथ्य में होगा. शिविर में बीएसएफ, आरएपीटीसी, सीडीजीआई, नाद योग, मानवता की पहचान, ब्रह्मकुमारी, अग्रवाल हाउस एवं मूक-बधिर संस्थानों के 2 हजार से अधिक साधक भाग लेंगे. शिविर संयोजक किशोर गोयल, राजेश बंसल एवं प्रवीण मिश्रा ने बताया कि शहर में चल रहे 18 योग केन्द्रों के साधक भी इस शिविर में शामिल होंगे, इनमें 8 शिविर केवल महिलाओं के लिए संचालित हो रहे हैं. इन सभी शिविरों के साधक पिछले कई दिनों से विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं. विदेशों में भारतीय योग के प्रति बढ़ते प्रेम एवं आकर्षण के जीवंत प्रमाण स्वरूप इन दो रशियन योग प्रशिक्षक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है.

योग साधकों का मिलन समारोह कल

इंदौर. विश्व योग दिवस पर आलाप योग केंद्र की ओर से संस्था के 27/2 न्यू पलसिया केंद्र पर योग साधको का मिलन समारोह का आयोजन किया गया है. संस्था प्रमुख विजय पारेख ने बताया कि 21 जून को सुबह 7.45 बजे प्रख्यात योगाचार्य डॉ. निर्मल कुमार महाजन का योग पर विशेष उद्बोधन होगा। इस मौके पर योग प्रशिक्षक सुश्री भावना शाह साधकों को योग की सूक्ष्म क्रियाएँ करायेगी.

काल के पहले अमिताभ बच्चन का साइबर क्राइम से बचने का मेसेज हटाने का अनुरोध

इंदौर. इन दिनों मोबाइल से बात करने के पहले अमिताभ बच्चन की आवाज में साइबर क्राइम से बचने के लिए संदेश दिया जाता है. यह संदेश पिछले कई माह से दिया जा रहा है, जो ना केवल अप्रासंगिक हो चुका है अपितु उपभोक्ताओं को बुरी तरह परेशान कर रहा है. इस संदर्भ में टेलीफोन सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य रामस्वरूप मूंदड़ा ने मेल द्वारा ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी तथा एक्स पर डिपार्टमेंट ऑफ़ कम्युनिकेशन को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि साइबर क्राइम से बचने का पर्याप्त प्रचार प्रसार हो गया है, अत: यह टोन तुरंत प्रभाव से हटा देना चाहिए. मूंदड़ा ने सांसद शंकर लालवानी को भी जनता की परेशानी से अवगत कराया. सांसद ने स्वयं कहा कि मैं इस बाबत केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से चर्चा करूंगा. उल्लेखनीय है कि सिंधिया 21 जून को इंदौर आ रहे हैं.

पर्यटन स्थलों पर सैलानी... कल-कल बहते झरने को देख हो उठे आनंदित

रिमझिम फुवारों के बीच लिया आनंद, तहसील महू में बरसात की दस्तक से मौसम हुआ सुहाना

नवभारत न्यूज

महू. तहसील महू में गुरुवार से जारी रिमझिम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है. बादलों की आमद से वातावरण में ठंडक घुल गई है. इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है. बारिश के बाद पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ने लगी है. पातालपानी, कालाकुंड, शीतला माता फॉल, चोरल डैम और चोरल नदी जैसे स्थलों पर आने वाले वीकेंड में सैलानियों की भीड़ बढ़ने की संभावना है.

जाम गेट पर बारिश के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ. सैलानी प्रकृति के नजारों का आनंद लेने पहुंचे. हालांकि, बारिश के कारण महू-मंडलेश्वर मार्ग पर दो स्थानों पर लैंड स्लाइड की घटना हुई. जाम गेट के पास और मंडलेश्वर मार्ग पर पहाड़ों से पत्थर सड़क पर गिर गए. इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है. पहाड़ों से झरने बहने लगे हैं. जाम गेट घाट पर भी कई झरने शुरू हो गए हैं. पर्यटक इन झरनों के पास सेल्फी और फोटो खिंचवाते देखे गए.

झरने में बहने लगा पानी.. पर्यटकों की बड़ी संख्या

सुबह से हुई बारिश ने पर्यटन स्थलों में नई जान डाल दी है. पहाड़ी क्षेत्र में हुई वर्षा के बाद चोरल नदी के माध्यम से पातालपानी झरने में पानी बहने लगा है. गर्मी के मौसम में सूखे पड़े इस झरने में पानी की आवक से पर्यटकों और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है. गुरुवार शाम को जैसे ही झरने में पानी बहना शुरू हुआ, बड़ी संख्या में ग्रामीण और सैलानी वहां पहुंच गए. स्थानीय दुकानदारों को आने वाले वीकेंड पर पर्यटकों की अच्छी संख्या की उम्मीद है. उनका मानना है कि पर्यटकों के आने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. पातालपानी का यह प्रसिद्ध झरना मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है.

जाम गेट स्थित मंडलेश्वर मार्ग पर सड़क पर गिरे पत्थर..

बारिश के बाद पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ने लगी है. पातालपानी, कालाकुंड, शीतला माता फॉल, चोरल डैम और चोरल नदी जैसे स्थलों पर आने वाले वीकेंड में सैलानियों की भीड़ बढ़ने की संभावना है. जाम गेट पर बारिश के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ. सैलानी प्रकृति के नजारों का आनंद लेने पहुंचे. हालांकि, बारिश के कारण महू-मंडलेश्वर मार्ग पर दो स्थानों पर लैंड स्लाइड की घटना हुई. जाम गेट के पास और मंडलेश्वर मार्ग पर पहाड़ों से पत्थर सड़क पर गिर गए. इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है. पहाड़ों से झरने बहने लगे हैं. जाम गेट घाट पर भी कई झरने शुरू हो गए हैं. पर्यटक इन झरनों के पास सेल्फी और फोटो खिंचवाते देखे गए.

अपहरण कर व्यापारी से मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

- दो ऑटो जब्त, मास्टरमाइंड सहित अन्य की तलाश जारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक व्यापारी के अपहरण और उसके साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के पास से घटना में उपयोग किए गए दो ऑटो जब्त किए हैं, जबकि वारदात का मास्टरमाइंड और उसके तीन अन्य साथियों की तलाश जारी है.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह के निर्देश पर डीसीपी जोन-2 हंसराज सिंह के मार्गदर्शन और एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह व एसीपी विजयनगर आदित्य पटले के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की थी, टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रवीण पिता बलराम जाट (25) निवासी तपेश्वरी बाग कॉलोनी खजराना, अजय उर्फ बकरा पिता करण इरवा (28) निवासी वैभव लक्ष्मी नगर खजराना, सोनू उर्फ कद्दू पिता रमेश भगौरा (38) निवासी श्रीरामकृष्ण बाग कॉलोनी खजराना, अवधेश उर्फ गोलू उर्फ गोली पिता विनोद वर्मा (25) निवासी स्कीम नं. 54, विजयनगर है. इनसे दो ऑटो नम्बर एमपी 09 आरएच 1324 व एमपी 09 डीटी 7030जब्त की है. पूछताछ में सभी ने स्वीकार किया कि आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने अपने साथी राजेन्द्र जाट, पंकज बिल्ली और अन्य दो साथियों के साथ मिलकर व्यापारी का अपहरण करने की योजना बनाई थी. गिरफ्तार आरोपियों में अधिकांश पर पूर्व में भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, लूट, मारपीट और आबकारी एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं.

ऐसे हुआ था व्यापारी का अपहरण

60 वर्षीय उम्मेद सिंह निवासी श्रद्धा श्री कॉलोनी, एमआर-10 ने रिपोर्ट में बताया कि 15 जून की दोपहर वे अपनी दुकान ठाकुर बाड़ी रिपेयर, देवास नाका पर बैठे थे, तभी हरे और पीले रंग के ऑटो से आए कुछ लोगों ने लाठियों से हमला कर उन्हें जबरन ऑटो में बैठाया और रास्ते भर मारते हुए स्टार चौराहे के पास एक सुनसान जगह ले गए. वहां भी आरोपियों ने मारपीट कर 15 लाख रुपए की मांग की. हमले में फरियादी को आंख, पैर, गले और जबड़े में गंभीर चोटें आईं. राहगीरों की मदद से वे खजराना थाने पहुंचे, जहां से उन्हें लसुडिया रिपोर्ट करने कहा गया. 18 जून को उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज कराया के नाम से...

आधा किलो एमडी ड्रग के साथ युवक गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग को एक बड़ी सफलता मिली है. टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 53.43 ग्राम एमडी ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त की गई ड्रग की कीमत साढ़े पांच लाख रुपए आंकी गई है.

नारकोटिक्स विंग के डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि 22 वर्षीय आरोपी सलमान पठान पिता ताज मोहम्मद सुतलीपुरा, जावरा जिला रतलाम का रहने वाला है. उसे एमआर 10 स्थित आईएसबीटी बस स्टैंड के पास से पकड़ा है, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह नशे की खेप शहर में सप्लाई करने की फिराक में था. नारकोटिक्स विंग की टीम ने मौके से उसे दबोचते हुए एमडी ड्रग बरामद की. पूरी कार्रवाई नारकोटिक्स

विंग में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक विजय मिश्रा, प्रधान आरक्षक ओम राठौर, आरक्षक अमित सोलंकी और रजनीश पांडेय की सक्रिय भूमिका में अंजाम दी गई. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है कि वह ड्रग्स कहां से लाया था और किन लोगों को सप्लाई करने वाला था.

कोई भी सरकार पंजाब में नशाखोरी नहीं रोक पाई

- सृजन अभियान से ख़त्म होगी कांग्रेस में गुटबाजी

इंदौर. कोई भी सरकार पंजाब में नशे के कारोबार को नहीं रोक पाई हैं. उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार से पंजाबवासियों को इस मामले में बड़ी उम्मीद थी लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी निराश किया.

यह बात अमृतसर से लोकसभा सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कही. स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में कांग्रेस सासंद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान विभाजन के बाद से ही भारत के सीमावर्ती राज्यों में अलग-अलग तरीकों से देश की जड़ें कमजोर करने में लगा हुआ है। सत्तर और अस्सी के दशक में उन्होंने आतंकवाद और उसके बाद नशे के माध्यम से पीढ़ियों को बर्बाद करने का दुष्चक्र चला रखा है. श्री औजला ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और पुलिस

महानिदेशक की ढिलाई की वजह से पंजाब में नशे के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है. इस कारोबार में शामिल बड़े धन ने चुनाव पूर्व किए वादे भुला दिए. उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार को रोकने और पंजाब की बेहतर छवि बनाने के लिए प्रशासनिक और पुलिस विभाग को प्रण-प्राण से जुटना होगा. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस के शासनकाल में भी इस मामले में सख्त कार्यवाही नहीं हो सकी. कतिपय संगठनों द्वारा एक बार फिर खालिस्तान की मांग उठाए जाने संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ऐसे लोग आईएसआई और पाकिस्तान के पेरोल पर हैं। पंजाब की आम जनता इस मांग से कोई सरोकार नहीं रखती है. इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं इंदौर के प्रभारी रवि जोशी, शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, कांग्रेस नेता राजेश चौकसे, सच सलूजा, अमित चौरसिया, अनिल यादव, हर्ष जैन, ओम सिलावट, अंकित खड़ायता आदि उपस्थित थे। प्रारंभ में सासंद श्री औजला का स्वागत प्रवीण खारीवाल, नवनीत शुक्ला, अजय भट्ट, मोहनलाल मंत्री, बंसीलाल लालवानी, दीपक माहेश्वरी, रतनजीतसिंह शैरी ने किया। शीतल राय ने स्मृति चिन्ह एवं रवि चावला ने गणेश प्रतिमा भेंट की।

गुरु की तुलना किसी से नहीं की जा सकती : श्रीवास्तव

- बाल वाटिका लोकार्पण के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ
- वैष्णव बाल मंदिर विद्यालय ने पूरे किए 50 वर्ष

महू. श्री वैष्णव बाल मंदिर विद्यालय महू में बुधवार को अत्याधुनिक बाल वाटिका का लोकार्पण एवं नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ. यह आयोजन विद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के 50 वर्ष पूर्ण होने के साथ-साथ नई सुविधाओं की शुरुआत की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महू प्रीति श्रीवास्तव रहीं। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशाल शर्मा, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भरत कुमार व्यास, समाजसेवी संतोष अग्रवाल (पाथ

इंडिया), वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार विजयवर्गीय उपस्थित रहे.

अतिथियों का स्वागत विद्यालय अध्यक्ष गजानंद अग्रवाल एवं सचिव गोवर्धन अग्रवाल द्वारा पुष्पमालाओं एवं पुष्पगुच्छों से किया गया. प्राचार्य सरोज पाल ने विद्यालय का परिचय देते हुए 50 वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया. मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु जीवन में सर्वोच्च स्थान रखते हैं, जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं. अत: गुरु की तुलना किसी से नहीं की जा सकती. समाजसेवी संतोष अग्रवाल ने कहा कि अतिथियों को माला की बजाय पौधा भेंट कर सम्मानित किया जाना चाहिए, जो पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है. अअतिथियों द्वारा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बाल वाटिका के तीन कमरों का शुभारंभ किया गया. यह वाटिका विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए मददगार सिद्ध होगी. इसमें द मेंटर संस्था के गौरवसिंह एवं आरती नैनी का तकनीकी मार्गदर्शन भी रहेगा.

तिलक लगाकर किया स्वागत

नवीन सत्र की शुरुआत के अवसर पर विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें ट्रॉफी और बिस्किट कीप पैकेट बातें जाकर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई. इस अवसर पर सदा सेवा करने वाले सुभाष अग्रवाल, हुकम लक्कड़, मुकेश गोयल गोवर्धन अग्रवाल जुगल किशोर अग्रवाल मनीष मित्तल कार्यक्रम का संचालन विद्यालय का 50 वर्ष के कार्यकाल को बताते हुए बहुत ही सराहनीय विचार रखते हुए राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया. आभार प्रदर्शन एडवोकेट रोहित महेश्वरी द्वारा किया गया.

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र. 1
जी-13, प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी
क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर

अल्प अवधि निविदा सूचना क्र. 02/2025-26

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा प्रथम वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, इन्दौर के परिसर में प्रस्तावित निर्माण कार्य पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर के कार्यस्थल पर मौजूद पुराने/कण्डम भवन का ध्वस्तीकरण एवं इससे प्राप्त होने वाली विभिन्न उपयोगी/अनुपयोगी सामग्री, मलबा इत्यादि के बदले बोली प्रस्ताव निविदा (क्र. 2025_MPPHC_431785) आमंत्रित की गई है।
निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 26.06.2025 को प्रात: 11:00 बजे तक** खरीदे व प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
दूरभाष :- 9425601536
म.प्र. माध्यम/120714/2025 **परियोजना यंत्री**

पहली बार राजवाड़ा में होगा सामूहिक योग का कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा आयोजन, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

नव भारत न्यूज

इंदौर. ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को इंदौर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल राजवाड़ा पर सामूहिक योग का कार्यक्रम होगा. पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से यह आयोजन पहली बार ऐतिहासिक इमारत राजवाड़ा पर किया जा रहा है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया होंगे. इस आयोजन की व्यापक तैयारियां जारी है.

इस संबंध में आज जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट,

सांसद शंकर लालवानी, विधायकद्वय मधु वर्मा और गोलू शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया. जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिये कि सभी तैयारियां निर्धारित समय से पहले पूरी हो जाएं. बताया गया कि यह कार्यक्रम 21 जून को ठीक सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा। प्रात: 6.30 बजे से 6.40 तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा.

ऐसे हुआ था व्यापारी का अपहरण

प्रात: 6.40 बजे से 7 तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण होगा. प्रात: 7 बजे से 7:45 तक सामान्य योग प्रोटोकाल का योगाभ्यास किया जायेगा. इस कार्यक्रम में ?विद्यार्थी, युवा, नागरिक आदि सामूहिक योग करेंगे. बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायकगण आदि भी मौजूद रहेंगे.

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED
Office of The Addl. C.E. (P&W), Shree Singaji Thermal Power Project, Dongalia Distt. Khandwa (M.P.)
E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com, Website:mppgcl.mp.gov.in, Phone : 9425808837
No. : 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/2539 Date: 19.06.2025

NOTICE INVITING E-TENDER

Tender Particulars/Tender Number	Estimated Cost (Rs.) (including GST)	Tender Cost & EMD in Rs.	Last Date and Time for closing of online submission
Hiring of one number Ambulance i.e. Tata Vinger Ambulance and equivalent and above with engine capacity upto about 1900cc (Diesel version) for hospital duty at, SSTPP, MPPGCL, Dongalia with monthly run 2500 KM for a period of 24 Months extendable for a further period of 12 months. (**Tender No.- T-2025_MPPGC_407473**)	29.44 Lakhs	1000/- & 58,900/-	14.07.2025 up to 15:30

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/120731/2025 // SAVE ELECTRICITY // SE (P&W)